पत्रांकः 7प / विविध–06–01 / 2025 / 2535 / पं०रा०

ई–मेल

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

प्रीति तोंगरिया, आई०डी०ए०एस०
विशेष सचिव।

सेवा में,

निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण निदेशालय,
वित्त विभाग, बिहार, पटना।
सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,
सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार।

पटना, दिनांक 13 / 2 / 2025

विषय :– **बिहार पंचायत अंकेक्षण सेवा के अंकेक्षकों का Accounts &Audit एवं अन्य विषय पर प्रशिक्षण में भाग लेने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार पंचायत अंकेक्षण संवर्ग के अंकेक्षकों का प्रशिक्षण दिनांक–17.02.2025 से 30.04.2025 निर्धारित है। इस अवधि में अंकेक्षकों को दिनांक–17.02.2025 से 30.03.2025 तक Class-Room Training बिहार, लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (Bipard) Patna द्वारा Accouning, Audit एवं अन्य विषयों पर प्रशिक्षण कराया जाना है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी इन्हें प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया था। चूंकि ये सभी अंकेक्षक विभिन्न शैक्षणिक योग्यताओं को धारण करते है। वर्तमान में कार्यो के दौरान उत्पन्न कठिनाईयों के मद्देनजर इन्हें Accouning, Auditing तथा Taxation आदि विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण कराये जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है।

अतः उक्त के आलोक में आपके कार्यालय में कार्यरत सभी अंकेक्षकों को बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (BIPARD), पटना द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु दिनांक–15.02.2025 तक अवश्य रूप से विरमित कर दें अन्यथा दिनांक–15.02.2025 अपराह्न से सभी अंकेक्षक स्वतः विरमित समझे जायेंगे। साथ ही सभी अंकेक्षकों को निदेशित किया जाए कि प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु दिनांक–16.02.2025 को अपराह्न में बिपार्ड, वाल्मी कैम्पस, फुलवारी पटना में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण की उक्त अवधि या पहले कोई भी अवकाश प्रदान नहीं की जायेगी।

**कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।**

विश्वासभाजन

(प्रीति तोंगरिया)
विशेष सचिव

**ज्ञापांकः– 7प / विविध–06–01 / 2025 / 2535 / पं०रा० पटना, दिनांक 13 / 2 / 2025**

प्रतिलिपिः– सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

(प्रीति तोंगरिया)
विशेष सचिव

**ज्ञापांकः– 7प / विविध–06–01 / 2025 / 2535 / पं०रा० पटना, दिनांक 13 / 2 / 2025**

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

(प्रीति तोंगरिया)
विशेष सचिव